| Roll Number | | |
|---|---|---|

**SET - B**

# INDIAN SCHOOL MUSCAT
# HALF YEARLY EXAMINATION
# HINDI (COURSE-B)

**SUBJECT CODE: 085**

**CLASS: X** | **Time Allotted: 3 Hrs**

**25.09.2019** | **Max. Marks:80**

## निर्देश

**1 -** इस प्रश्न- पत्र में **चार खण्ड** हैं **- क , ख , ग** और **घ।**

**2-चारों** खण्डों के उत्तर देना अनिवार्य है।

**3 - कुल 17** प्रश्न और **4 पृष्ठ** हैं ।

**4 -** कृपया उत्तर लिखने से पहले **, प्रश्न संख्या** अवश्य लिखें।

## खण्ड - क

**1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

आत्मनिर्भरता का अर्थ है -अपने ऊपर निर्भर रहना। जो व्यक्ति दूसरे के मुँह को नहीं ताकते,वे ही आत्मनिर्भर होते हैं। वास्तव मे आत्मविश्वास के बल पर कार्य करते रहना आत्मनिर्भरता है ।आत्मनिर्भरता का अर्थ है - समाज, निज तथा राष्ट्र की आवश्यकताओं की पूर्ति करना। व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र में आत्मविश्वास की भावना आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। स्वावलंबन जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी है ।सफलता प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को स्वावलंबी अवश्य होना चाहिए। स्वावलंबन सफलता प्राप्ति का महामंत्र है ।स्वावलंबन जीवन का अमूल्य आभूषण है। वीरों तथा कर्मयोगियों का इष्टदेव है ।उन्नति का आधार है ।

आत्मनिर्भरता मनुष्य को श्रेष्ठ बनाती है। स्वावलंबी मनुष्य को अपने आप पर विश्वास होता है ,जिससे वह किसी के भी कहने में नहीं आ सकता। यदि हमें कोई काम सुधारना है तो हमें किसी के अधीन नहीं रहना चाहिए बल्कि उसे स्वयं करना चाहिए। एकलव्य स्वयं के प्रयास से धनुर्विद्या में प्रवीण बना। गरीबी में पले विद्यार्थी लाल बहादुर शास्त्री भारत के प्रधानमंत्री बने ,साधारण से परिवार में जन्मे ज्ञानी जैल सिंह स्वावलंबन के सहारे ही भारत के राष्ट्रपति बने ।जिस प्रकार अलंकार काव्य की शोभा बढ़ाते हैं ,सूक्ति भाषा को चमत्कृत करती है ,गहने नारी का सौंदर्य बढ़ाते हैं, उसी प्रकार आत्मनिर्भरता मानव में अनेक गुणों की प्रतिष्ठा करती हैं ।

**क –** आत्मनिर्भर व्यक्ति से आप क्या समझते हैं ? **2**

**ख-** एकलव्य और लाल बहादुर शास्त्री के उदाहरण लेखक ने किस संदर्भ में दिए हैं ? **2**

**ग –**स्वावलंबन से क्या तात्पर्य है ? **2**

घ- आत्मनिर्भरता का मानव जीवन में क्या महत्व है ? 2

च -उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 1

**2- निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **6**

**रात हो तम से भरी फिर भी कदम बढ़ते रहें ।**
राह हो कॉटो भरी फिर भी सतत चलते रहें ।
हो अदम्य साहस भरा मन में सदा उत्साह हो ,
गूँजते हों गीत पथ में, फैलती मुसकान हो ।
' हम बढ़ें या अब रूकें ' ऐसा नहीं संदेह हो,
पथ -प्रदर्शक हम बनें मन में यही संवेग हो ।
शत्रु दल आए अगर भागें नहीं लड़ते रहें ,
राह हो कॉटों भरी फिर भी सतत चलते रहें ।

ज्ञान का दीपक जलाएँ ,जड़ तमस को हम भगाएँ ,
अनगिनत राही जो भटके मार्ग उनको भी दिखाएँ ।
जो जलाया दीप गुरू ने, ले उसे पथ को सजाएँ ,
धूप ,वर्षा, शीत को हँसकर सदा सहते रहें ।
राह हो कॉटों भरी फिर भी सतत चलते रहें ।

सत्य, सेवा, विनय, श्रद्धा के सुमन खिलते रहें ,
ज्ञान का संबल मिले स्नेही सुदृढ़ मिलते रहें।
भाव समता का भरा हो ,लक्ष्य पर बढते रहें ,
विश्व में सुख-शांति हो यह प्रेरणा भरते रहें ।
लक्ष्य हो गिरि सा अगम फिर भी उधर चढ़ते रहें ,
राह हो कॉटों भरी फिर भी सतत चलते रहें ।

क- कवि ने किन बाधाओं का वर्णन किया है ?

ख- जीवन से अंधकार कैसे दूर हो सकता है ?

ग-कवि ने जनमानस को किन कर्त्तव्यों की याद दिलाई है ?

घ- ' लक्ष्य हो गिरि सा अगम फिर भी उधर चढ़ते रहें '- का आशय स्पष्ट कीजिए ।

## खण्ड - ख

**3 -** उदाहरण देते हुए शब्द और पद में अंतर लिखिए । **1**

**4- निर्देशानुसार वाक्यों के रूपांतरण कीजिए -** **3**

**क** –वह आए तो तुम छिप जाना। **(सरल वाक्य में )**

ख- वह पढ़ाई के साथ- साथ काम भी करता है । (संयुक्त वाक्य में )

ग – सोहन ने दिनेश से केरल **चलने के लिए कहा।** ( मिश्र वाक्य में )

**5- क- शब्दों के समास- विग्रह कर समास का नाम लिखिए-** **2**

कलाकुशल , **सतसई**

**5- ख- समस्त-पद बनाकर समास का नाम लिखिए-** **2**

**जितना संभव हो ,** नया है जो वर्ष

**6- निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए -** **4**

**क–** सोहन कड़वा दवाई पी गया।

**ख–** सारी रात भर मैं पढ़ता रहा ।

**ग–** अजय को काटकर फल खिलाओ ।

**घ–** उसकी ऑखों से ऑसु निकल रही है ।

**7– रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए–** **3**

**क– कमरे में ------------- जाना क्योंकि बच्चा सो रहा है ।**

**ख–** नौकरी पाने के लिए न जाने कितने **-------------** पड़ेंगे ।

**ग–** जीतू के पिता जी ने जब उसे झूठ बोलते हुए देखा तब वे **------------** गए।

## <u>खण्ड</u> - <u>ग</u>

**8 - <u>निम्नलिखित</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

**क-** सुभाष बाबू के जुलूस में स्त्री समाज की क्या भूमिका थी ? ' डायरी का एक पन्ना ' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। **2**

**ख–** निकोबार के लोग ततॉरा को क्यों पसंद करते थे ? **2**

**ग-** समुद्र किनारे बैठे हुए ततॉरा की तंद्रा कैसे टूटी ? **1**

**9 - बड़े भाई साहब** ने जीवन के अनुभवों और पुस्तकीय ज्ञान में से किसे अच्छा कहा है और क्यों ? **5**

**अथवा**

समुद्र के गुस्से की क्या वजह थी ? उसने अपना गुस्सा कैसे निकाला? **'अब कहॉं दूसरे के दुख से दुखी होने वाले** 'पाठ के आधार पर लिखिए।

**10- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

**क- मीरा ने हरि से अपनी पीड़ा हरने की विनती किस प्रकार की है ?** **2**

**ख-** सच्चे मन में राम बसते हैं - **' दोहे '** के संदर्भानुसार स्पष्ट कीजिए। **2**

**ग- कृष्ण ने द्रोपदी की लाज कैसे बचाई थी ?** पद के आधार पर लिखिए । **1**

11- मनुष्यता कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं ? 5

**अथवा**

**संसार में सुखी व्यक्ति कौन है और दुखी कौन ? यहाँ ' सोना 'और ' जागना 'किसके प्रतीक हैं? इसका प्रयोग यहाँ क्यों किया गया है ? स्पष्ट कीजिए ।**

**12- क- कथावाचक और हरिहर काका के बीच क्या संबंध है और इसके क्या कारण हैं ?** 2

**ख--संपत्ति के लिए अपने भी पराए हो जाते हैं ? ' हरिहर काका ' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।** 3

**अथवा**

' सपनों के- से दिन' पाठ में वर्णित घटनाओं के आधार पर पीटी सर की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

## खण्ड – घ

**13 - 'दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** 5

**क - एक सैनिक की आत्मकथा-**
* सैनिक की दिनचर्या
* कठिन परिस्थितियाँ
* उपसंहार

**ख- स्वास्थ्य की रक्षा -**
* आवश्यकता
* पोषक भोजन
* लाभकारी सुझाव

**ग- मीडिया का उत्तरदायित्व-**
* जागरूकता
* समस्याओं को सामने लाना
* वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना

**14- आपके इलाके में गंदगी के कारण डेंगू फैल रहा है।इसकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए ।** 5

**अथवा**

रेलयात्रा में सामान चोरी हो जाने की घटना का विवरण देते हुए रेलवे पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखिए ।

**15- गुमशुदा लड़के की तलाश के लिए अखबार में सूचना देने के लिए 25- 30** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

**आप सोसाइटी के अध्यक्ष हैं ।सोसाइटी को स्वच्छ रखने के लिए सूचनापट्ट पर 25- 30** शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए।

**16-** आए दिन माँगों को लेकर हड़ताल- धरना से संबंधित दो मित्रों में हुए संवाद को लगभग **50** शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

बढ़ती महँगाई को लेकर दो महिलाओं के बीच हुए संवाद को लगभग **50** शब्दों में लिखिए।

**17–** नए सोफा- सेट बेचने के लिए लगभग **50** शब्दों में **एक विज्ञापन** तैयार कीजिए । **5**

**अथवा**

**आप अपने लिए एक पुरानी स्कूटी खरीदना चाहते हैं ।उससे संबंधित** लगभग **50** शब्दों में **एक विज्ञापन** तैयार कीजिए ।

**End of the Question Paper**